अनदेखी

कुकडाकिरार और बीसापुरखुर्द सहित अन्य क्षेत्र में चल रहा रेत का अवैध कारोबार

# रेत माफिया खुलेआम कर रहे रेत का अवैध खनन व परिवहन, जिम्मेदार नहीं कर रहे कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 5 जनवरी, निजी-सरकारी भवन,सीसी रोड एंव नाली सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक खनिज रेत का कारोबार कुकडाकिरार और बीसापुरखुर्द क्षेत्र में दिन एंव रात के अंधेरे में धडल्ले से चल रहा है।**

जिससे क्षेत्र के कुलबहरा नदी अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। साथ ही शासन को राजस्व की चपत लग रही है। सूत्रों की मुताबिक क्षेत्र में रेत का खेल लगभग पूरी रात चलता है। लेकिन प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र मे कोई कार्रवाई नही की जाती है।



### किसके संरक्षण में फल फूल रहा है रेत का अवैध कारोबार

आम जनता का आरोप है कि में क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार फल फूल रहा है जनता का यह भी कहना है कि विभागीय अधिकारियों को सूचना भी देते है तो भी प्रशासन का कोई भी कर्मचारी कभी नहीं आता है बल्कि उन रेत माफियाओं को सूचना दे दी जाती है और माफिया डराने धमकाने आ जाते है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अवैध रेत करोबार में विभागीय अधिकारियों का संरक्षण है।

### जिम्मेदार नहीं कर रहे कार्रवाई

स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिस प्रकार से लगातार रेत का उत्खनन हो रहा है ऐसे में कुलबहरा नदी का अस्तित्व भी खतरे में है क्योकि अंधाधुंध नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। इस अवैध कारोबार से सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है।

## अंतिम बॉल पर हुआ मैच का निर्णय, बैतूल ने तोड़ा यूनिक का रिकार्ड




**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 5 जनवरी, धुंआधार मैच में कश्मीर की टीम आखिरी बाल में जीती। वहीं यूनिक का रिकार्ड स्कोर 245 रन बैतूल ने बनाया ओर दूसरी सेमीफाइनल की टीम बनी द्य आज तूफानी चौको छक्को की बरसात इस मैदान में हुई।**

यूनिक क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय टी 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मैच फोर सीजन कानपुर विरुध्द बैतूल क्रिकेट एकेडमी बैतूल के मध्य खेला गया। कानपुर ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया द्य बैतूल एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में रिकार्ड 245 रन 8 विकेट खोकर बनाये द्य जिसमें वंदित जोशी ने 34 बाल में 66 रन बनाए जिसमें 3 छक्के ओर 7 चौके लगाये, संजोग ने 23 बाल में 55 रन जिसमें 4 छक्के ओर 6 चौके लगाये एवं वरुण ने 22 बाल में 52 रन जिसमें 2 छक्के ओर 8 चौके लगायेद्य कानपुर की टीम 17.2 ओवर में 133 रन बनाकर आल आउट हो गई ओर इस मैच को बैतूल एकेडमी ने 112 रन से जीत कर दूसरी सेमीफाइनल की टीम बनी द्य जिसमें वंदित जोशी ने 2.2 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए ओर इस मैच के मैन ऑफ द मैच बने। दूसरा मैच जम्मू कश्मीर ओर एनएमसीए जलगांव के मध्य खेला गया। जम्मू-कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया ओर उन्होने निर्धारित 20 ओवर में 186 रन 8 विकेट खोकर बनाये। इस पारी में फैसल सरकार 32 बाल में 46 रन बनाए जिसमें 3 छक्के ओर 6 चौके लगायेद्य एन इस ने 4 ओवर में 35 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए द्य दूसरी पारी में जलगांव की टीम ने 20 ओवर में 185 रन बना पाई द्य मैच आखिरी बाल में जलगांव की टीम को 2 रन चाहिए थे लेकिन आखिरी बाल में बैट्समैन रन आउट हो जाने से मैच हार गये द्य इस मैच को जम्मू-कश्मीर ने 1 रन से जीत लिया द्य मैन आफ द मैच जम्मू-कश्मीर के राजा राशिद रहे जिन्होंने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए ओर 5 बाल में 13 रन की महत्वपूर्ण नाबाद पारी खेली। मंगलबर को पहला मैच विटीसीए नागपुर विरुध्द बिलासपुर के मध्य एवं दूसरा मैच रेल्वे मुंबई विरुध्द आरइपीएल लखनऊ के मध्य खेला जायेगा।

## मध्य प्रदेश पोस्टल स्पोर्ट्स बोर्ड के ट्रायल संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 5 जनवरी, ओलंपिक स्टेडियम छिंदवाड़ा में सोमवार को मध्य प्रदेश पोस्टल स्पोर्टस बोर्ड के ट्रायल संपन्न किए गए। इस दौरान जिला एवं खेल युवा कल्याण विकास विभाग के हाल में पावरलिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग व बेस्ट फिजिक्स बॉडीबिल्डिंग ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन किया गया।**

हाल में हुए इस ट्रायल बोर्ड के चयन के बाद खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर खेल का आयोजन चेन्नई में आयोजित होगा। ट्रायल के पूर्व जिला एवं खेल युवक कल्याण संघ के पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया, इसके पूर्व बजरंगबली के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर दीप प्रचलित किया गया। पावरलिफ्टिंग व वेट लिफ्टिंग में लगभग 10 से अधिक व बॉडीबिल्डिंग बेस्ट फिजिक्स ट्रायल में लगभग चार खिलाड़ियों का चयन सोमवार को किया गया। इस दौरान चयनकर्ता जजमेंट में अधीक्षक जीके कावड़े, के तिवारी विश्वामित्र अवॉर्डी, बिंदेश्वरी पाल, वेट लिफ्टिंग निर्णायक नरेंद्र सोनी, पावरलिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग निर्णायक विजय वाडवुदे, योगेश राठौर, अजय वाडवुदे, कृष्ण कुमार चौरसिया मौजूद थे।




## लहगडुआ में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**मोहखेड़।** आज से ग्राम पंचायत लहगडुआ में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथा वाचिका पूज्यीय साक्षी देवी एंव अनंतशरण महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा का आयोजन 5 जनवरी से 10 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक एंव रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगा। आयोजन से पहले आज माताओं-बहनों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कथा स्थल से शुरु होकर नगर भ्रमण करेगी। कथा के दौरान राम जन्म उत्सव, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह एवं होली उत्सव सहित विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।10 जनवरी को हरीनाम सप्ताह प्रारंभ होगा एंव 11 जनवरी को हवन-पूजन, दहीलाही,महाप्रसादी भंडारे का वितरण होगा।

## धुंधकारीदृगौकर्ण की कथा से मिला परोपकार और भक्ति का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 5 जनवरी, जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरकुंड में जारी श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन भागवत आचार्य पंडित गुरु साहब शर्मा द्वारा धुंधकारी और गौकर्ण की कथा का वर्णन किया गया उन्होंने कहा कि कथा ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है और भगवान से जुड़े रहने में ही मानव जीवन की सच्ची भलाई है।**

कथा के माध्यम से बताया गया कि कुमार्ग पर चलने वाला धुंधकारी अपने कर्मो के कारण दुःख का भागी बनता है, जबकि उसका भाई गौकर्ण सत्संग, भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलते हुए न केवल स्वयं का, बल्कि अपने भाई का भी उद्धार करता है। कथा वाचन के दौरान पंडित गुरु साहब शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य माध्यम है। गौकर्ण द्वारा कराई गई भागवत कथा के श्रवण से धुंधकारी का उद्धार इस बात का प्रमाण है कि सच्ची भक्ति और सत्कर्म से सबसे बड़ा पापी भी मुक्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में मानव अपने कर्तव्यों और संस्कारों से दूर होता जा रहा है, ऐसे समय में भागवत कथा जैसे आयोजन समाज को नैतिकता, सद्भाव और सेवा का संदेश देते हैं। कथा से यह प्रेरणा मिलती है कि अहंकार, लोभ और अधर्म को त्यागकर यदि मनुष्य ईश्वर से जुड़ जाए, तो उसका जीवन स्वतः ही कल्याणकारी बन जाता है। कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी इसे आत्मिक शांति और जीवन सुधार का मार्ग बताया। आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में भक्ति, सदाचार और परोपकार की भावना को बल मिला। कथा का वचन प्रतिदिन सुबह 9 से 11 दोपहर 2 से 5 एवं रात्रि 9 से 11 तक किया जा रहा है।



## 15 लाख की पुलिया आठ माह में ही चढ़ गई भ्रष्टाचार की भेंट

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 5 जनवरी, जुन्नारदेव जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नजरपुर जमकुंडा सहित पालाचौरई में हर दिन भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा के मामला उजागर हो रहे हैं।**



अपने निजी स्वार्थ एवं अधिक से अधिक धन बचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पालाचौरई के माइनस नाले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना अंतर्गत 14 लाख 98 हजार की लागत से लगभग 1 वर्ष पूर्व पुलिया का निर्माण किया गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत एवं जिम्मेदार इंजीनियर की मिलीभगत से घटिया निर्माण कार्य किया गया है, जिससे पुलिया एक वर्ष भी नहीं टिक पाई है और भ्रष्टाचार की हकीकत खुद बया कर रही है। पिछले दो ढाई वर्षो में जुन्नारदेव से लेकर छिंदवाड़ा तक शिकायत करने के बाद भी आज तक कार्यवाही नहीं हुई। पंच एवं ग्रामीण ने पंचायत में हो रहे घटिया निर्माण की जांच कर दोषियो पर कार्यवाही की मांग जिला सीईओ से की है। जिम्मेदार की लापरवाही घर से चल रहा है खेल - ग्राम पंचायत में जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण का खेल जारी है। पुलिया निर्माण में नीचे से ऊपर कहीं भी तय मानक से निर्माण कार्य नहीं किया गया है, पाइप में जरा भी पकड़ नहीं है। पुलिया से दोनो तरफ दस-दस मीटर सीसी सड़क का निर्माण किया जाना था जो घटिया है। घटिया पुलिया निर्माण की कहानी खुद बयां कर रही है जहां पर बिना वाहन के आवागमन के घटिया निर्माण की पोल खुल गई है। ग्राम के ग्रामीण मेहरबान शाह कुमरे, रघुवीर उईके, रामकली पंच का कहना है कि पैर से झटका देने पर मसाला भर भर कर गिर रहा है जो कभी भी पुलिया पर से आने जाने वालों के लिए खतरनाक हो सकता है।

## नि :शुल्क शीतकालीन खेल-कूद, मार्शल आर्ट कैंप में लाभांवित हो रहे नन्हे मुन्ने

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 5 जनवरी, शहर में संचालित आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी जुन्नारदेव द्वारा निःशुल्क शीतकालीन कैंप का आयोजन 5 से 15 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है।**

कैंप में सभी खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस एक्टिविटी, मार्शल आर्ट कराते, थांगता, एथलेटिक्स, चित्रकला, योगा, मेडिटेशन, ट्रैकिंग, वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिता में सम्मिलित कर अपडेट स्किल के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत किया जा रहा है, खिलाड़ियों को आगामी विभिन्न खेल प्रतियोगितायो में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह ट्रेनिंग कैंप अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल कोच योगेश रुखमांगद द्वारा शाम 4:30 से 6 बजे तक विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण जुन्नारदेव में आयोजित किया जा रहा है। खिलाड़ियों को योगा, प्राणायाम, मेडिटेशन के माध्यम से तनाव मुक्त रहते हुए पारंपरिक, पारिवारिक, संस्कार से संबंधित बाते भी सिखाई जायेंगी। बालिकाओं को विशेष तौर पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर संचालक योगेश रूखमानंद ने नगर के बच्चों के परिजनों से अपने बच्चों को इस शीतकालीन शिविर का लाभ लेकर शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास करने की अपील की है।

## आज राजीव भवन में होगी पत्रकार वार्ता

**छिंदवाड़ा।** प्रिय पत्रकार साथियों, आज दिनांक 06 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को प्रातः 11.15 बजे राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है। आयोजित वार्ता को इंदिरा ज्योति यात्रा के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े, अध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर एवं यात्रा के प्रभारी पीसी शर्मा सम्बोधित करेंगे। आयोजित वार्ता में आप सभी सादर आमंत्रित है। आयोजित वार्ता के उपरांत दोपहर 12.30 बजे इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क स्थित इंदिरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत इंदिरा पथ होते हुए गांधी गंज सभास्थल पहुंचेंगे।

आयोजन

अंतरराष्ट्रीय मंच पर छिंदवाड़ा की रामलीला ने रचा भावनाओं का इतिहास

# दशरथ की करुणा और भरत के त्याग ने दर्शकों को किया भावविभोर

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 5 जनवरी, विश्व रामायण सम्मेलन के समापन समारोह में छिंदवाड़ा की ऐतिहासिक रामलीला ने अपनी सशक्त और भावनात्मक प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष पहचान बनाई। इस आयोजन को अंतराष्ट्रीय स्वरूप प्राप्त हुआ, जिसमें भारत के विभिन्न अंचलों के साथ-साथ इंडोनेशिया और मणिपुर की प्रसिद्ध रामलीलाओं की प्रस्तुतियां भी सम्मिलित रहीं। सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।**



इसी भव्य आयोजन के समापन अवसर पर श्रीरामलीला मंडल छिंदवाड़ा को एक दिवसीय रामलीला मंचन के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसे दर्शकों ने अत्यंत श्रद्धा और भावनात्मक जुड़ाव के साथ देखा। छिंदवाड़ा की रामलीला का मंचन रामकथा के करुण और त्यागपूर्ण प्रसंगों पर केंद्रित रहा। मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि प्रस्तुति की शुरुआत दशरथ देहत्याग से हुई, जिसने पूरे वातावरण को गंभीर और भावुक बना दिया। राजा दशरथ के रूप में इस लीला के मुख्य निर्देशक श्रांत चंदेल ने पुत्र-वियोग की पीड़ा, आत्मसंघर्ष और अंतिम क्षणों की वेदना को अत्यंत संयमित और सजीव अभिनय से प्रस्तुत किया। उनके स्वर, मौन और भावाभिनय ने दर्शकों को स्तब्ध कर दिया और अनेक दर्शकों की आंखें भर आईं। इसके पश्चात भरत का अयोध्या में प्रवेश और कैकेयी के प्रति उनका आक्रोश मंच पर उभरा। भरत की भूमिका में ऋषभ स्थापक ने आत्मग्लानि, धर्मबोध और त्याग की भावना को गहराई से प्रस्तुत किया। उनके संवादों में आक्रोश के साथ-साथ भ्रातृप्रेम और कर्तव्य की पीड़ा स्पष्ट झलकती रही। कैकेयी के रूप में धीरज डेहरिया ने अपने चरित्र की कठोरता और अंतर्निहित पश्चाताप को प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा, जिससे यह प्रसंग और अधिक मार्मिक बन गया। माता कौशल्या से भरत का मिलन करुणा और स्नेह का भावपूर्ण दृश्य बन गया। कौशल्या के रूप में अभिनव शुक्ला ने मातृत्व की पीड़ा, धैर्य और मर्यादा को संवेदनशील अभिनय से प्रस्तुत किया। इसके बाद चित्रकूट के लिए प्रस्थान का दृश्य आया, जिसमें त्याग और कर्तव्य की भावना और अधिक प्रखर हुई। सुमंत की भूमिका में राजू माहोरे ने निष्ठा और सेवाभाव को सादगी से उभारा, वहीं निषादराज के रूप में बाबुल सिंगारे ने लोकभाव और आत्मीयता से कथा को जनमानस से जोड़ा।

## लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली ने जीता फाइनल मुकाबला

### रोमांचक मुकाबले में समर्थ स्टार छिंदवाड़ा को 6 रनों से हराया




**विजेता उपविजेता टीम को स्वर्गीय श्रीमती निर्मला ठाकुर जी की स्मृति में पुरुस्कृत किया गया**

**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 5 जनवरी, स्वर्गीय श्रीमती निर्मला ठाकुर की स्मृति में नव चेतना क्रिकेट क्लब अमरवाड़ा के तत्वधान में आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 204 रन बनाए, जिसके जवाब में समर्थ स्टार छिंदवाड़ा ने अंतिम समय तक संघर्ष करते हुए 9 विकेट पर 198 रन बनाए। लाल बहादुर शास्त्री दिल्ली ने रोमांचक फाइनल मुकाबले को छह रनों से जीता और 39वें वर्ष का खिताब अपने नाम कर विजेता होने का गौरव हासिल किया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम नारायण ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पूर्व चौरई विधायक पंडित रमेश दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पोफली,पूर्व परासिया विधायक ताराचंद बावरिया, कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण कपूर, जमाई के वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर प्रियवर सिंह, हिंदू सेना जिला अध्यक्ष यमन साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र जैन सेवा निवृत शिक्षक एसके शर्मा जिला भाजपा मंत्री दीपक नेमा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा विजेता टीम को नगद ज़1 लाख और ट्रॉफी, उपविजेता टीम को नगद 50 हजार और ट्रॉफी से नवाजा गया। इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन एवं बेस्ट बॉलर को भी पुरस्कृत किया गया।

### नव चेतना क्लब के अध्यक्ष सचिव की हुई घोषणा

समापन समारोह के अवसर पर सबसे पुराने नव चेतना क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष और सचिव की घोषणा की गई। पूर्व सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध श्रीवास्तव ने कार्यक्रम मंच से घोषणा करते हुए कहा कि पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय नरेंद्र मुन्ना तिवारी (मुन्ना महाराज) के निधन के पश्चात नव चेतना क्लब का अध्यक्ष सर्व सहमति से उत्तम सिंह ठाकुर को मनोनीत किया जाता है। इसके साथ ही सचिव के रूप में प्रतियोगिता प्रभारी ललित गुप्ता को सर्व सहमति से मनोनीत किया गया। उपस्थित सभी अतिथि गणमान्य नागरिक ने ताली बजाकर और माला पहनकर अध्यक्ष सचिव को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन नव चेतना क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष उत्तम सिंह ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज सराठे के द्वारा किया गया। आज के समापन कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह में विनोद चौरसिया जिला मंत्री शैलेंद्र पटेल पूर्व मंडी अध्यक्ष पंडित बसंत चौबे पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष सतीश संतोष साहू नपा उपाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर समाजसेवी संजय तिवारी (संजू महाराज) जन भागीदारी अध्यक्ष प्रदीप पप्पू साहू पार्षद राजकुमार बरकड़े प्रमोद पाठक अनिल नेमा भूवन मालवी मुकेश ठाकुर नीरज गोटू नेमा लक्की चौरसिया अमित नेमा अर्पित लाला नफीस मंसूरी चंदन ठाकुर सहित हजारों की संख्या में दर्शक जनता जनार्दन दोनों टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहे।

**राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा (म.प्र.)**
**P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara**
**Phone (o) : 07162-230266, Email : registrar.cuc@mp.gov.in**
**क्र. 61/भण्डार निविदा/रा.श.श.वि./2026** **छिंदवाड़ा, दि. : 05.01.2026**

**ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रण**

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम क्रय हेतु ई-निविदा **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। जिसका निविदा नं. 2026_CU_473225_1 है। निविदाओं का विस्तृत विवरण राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा की अधिकृत वेबसाइट **https://cuc.ac.in** पर दिनांक 05.01.2026 से उपलब्ध है।
**संपर्क - श्री गजेन्द्र मौर्य, मो.नं. 7693952248**
**(सहायक कुलसचिव, भण्डार)**
म.प्र. माध्यम/123838/2026 **कुलसचिव**

**महर्षि पतञ्जलि संस्कृत संस्थान**
**"संस्कृत भवनम्"**
**गेट वे ऑफ एक्सीलेंस फॉर संस्कृत**
**प्रदेश के विद्यार्थियों के लिये संस्कृत भाषा एवं साहित्य के साथ आधुनिक विषयों की उच्च गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क तथा आवासीय शिक्षा**

**शासकीय आदर्श कन्या आवासीय संस्कृत विद्यालय भोपाल**
**कक्षा 6ठी में 60 सीट पर प्रवेश हेतु**

- कक्षा 6ठी से 12वीं तक संस्कृत भाषा एवं साहित्य की निःशुल्क शिक्षा।
- परिपूर्ण सुविधायुक्त आवासीय छात्रावास।
- निःशुल्क भोजन की व्यवस्था।
- खेल/योग/स्काउट-गाइड (भोपाल)/एन.सी.सी. (भोपाल)/संगीत/नाट्यशास्त्र की पाठ्येत्तर गतिविधियाँ।
- सभी कक्षाओं में अंग्रेजी भाषा का शिक्षण भी।
- विशेष प्रोजेक्ट/कार्यशालाओं के अंतर्गत छात्रों हेतु सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्लान।
- छात्रों में अन्तर्निहित क्षमता के विकास हेतु पृथक-पृथक गतिविधियां।
- परम्परागत संस्कृत के साथ कक्षा 6ठी से 12वीं तक NCERT पाठ्यक्रम आधारित उच्च गुणवत्तायुक्त आधुनिक विषयों गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन में शिक्षण।

विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट **https://www.mpssbhopal.org** पर देखें। आवेदन एम.पी. ऑनलाइन **www.mponline.gov.in** अथवा हमारी वेबसाइट **https://www.mpssbhopal.org** पर कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क रु. 200/- निर्धारित है जो एम.पी ऑनलाइन कियोस्क पर देना होगा, इसमें कियोस्क शुल्क भी सम्मिलित है, इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी राशि नहीं देनी होगी। कक्षा 6ठी में प्रवेश हेतु कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण अथवा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में भाग लेने हेतु पात्र हैं।

- **परीक्षा तिथि** : 08 फरवरी 2026 (रविवार)
- **परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि** - 16 जनवरी 2026
- **परीक्षा केन्द्र** : जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

**नोट** - परीक्षा के प्रवेश पत्र हमारी वेबसाइट **https://www.mpssbhopal.org** अथवा **www.mpsos.nic.in** से डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र पर परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी अंकित होगी।

**परीक्षा आयोजन संस्था - मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल**
म.प्र. माध्यम/123829/2026